महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ सांस्कृतिक परिषदीय कार्यक्रमों का आयोजन

आज दिनांक 28/01/2023 (शनिवार) को महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिकंदरा राऊ, हाथरस में सांस्कृतिक परिषदीय कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्या प्रो.शैफाली सुमन के कुशल दिशा-निर्देशन में हुआ. आज महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने व्यापक स्तर पर सहभागिता करते हुए गीत प्रतियोगिता, कविता एवं शायरी पाठ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता और नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भाषाओं में गीतों का गायन, देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ, विभिन्न प्रकार के नृत्य जैसे- राजस्थानी, हरियाणवी और कृष्ण भक्ति पर आधारित नृत्य किए. आज आयोजित प्रतियोगिताओं के मुख्य निर्णयकर्ता प्रो.रामबहादुर, डॉ. जितेंद्र कुमार परमार और डॉ. गोविंद अग्रवाल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का गहन अवलोकन कर उन्हें स्थान प्रदान किए. गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उजमा खान(बी.ए. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान अर्चना (बी.ए.तृतीय वर्ष) और तृतीय स्थान काजल(बी.ए.प्रथम वर्ष) को प्राप्त हुआ. कविता एवं शायरी पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवकुमार(बी.ए.द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान हिमानी उपाध्याय(एम.ए. प्रथम वर्ष) और तृतीय स्थान आशिया हुसैन(एम.ए. प्रथम वर्ष) को प्राप्त हुआ. मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा(एम.ए.फाइनल), द्वितीय स्थान प्राची(बी.ए.तृतीय वर्ष) और फराह(एम.ए.फाइनल) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम(बी.कॉम.फाइनल), द्वितीय स्थान नीलम(बी.ए.तृतीय वर्ष) और तृतीय स्थान दीनू(बी.ए.प्रथम वर्ष) को प्राप्त हुआ. आज के कार्यक्रम का संचालन श्री. विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया.इस सुअवसर पर महाविद्यालय के प्रो.विनीता, प्रो.मंजू उपाध्याय, डॉ.अज़ब सिंह और श्री अरवेश कुमार भी उपस्थित रहे.

महाराणा प्रताप
CELEBRATING
YEARS OF INDEPENDENCE
आज़ादी का अमृत
महोत्सव
INDIA

युवा महोत्सव